लोक देवता सलहेस को समाज का सर्वमान्य देवता का स्थान नहीं प्राप्त हुआ है। प्राचीन समाज के सामाजिक-आर्थिक अध्ययन के अनुसार तीन प्रमुख - पशुपालक वर्ग, श्रमीक वर्ग तथा लड़ाका वर्ग क्रमश: अहीर (यादव), मुशहर और दुसाध हैं। इन तीनों जातियों/वर्गों के लोक देवता - अहीर (यादव) के भुईयाँ बाबा, मुशहर के दीना भद्री और दुसाध वर्ग के राजा सलहेस हैं। इन तीनों में से यदि कोई भी जाति के लोग अपने लोक देवता का पूजा करते हैं तो तीनों का पूजा करना आवश्यक माना जाता है। जैसा कि नीचे सलहेस के गीत में देखा जा सकता है जिसमें दीना भद्री को गुहार लगाया जा रहा है -

हौ भागल दीनाभद्री जाइ छै महिसौथा

हा घड़ी चलैय पहर बीतै छै

पले घड़ी अधपेरिया बीतै छै

जुमि गेल महिसौथामे।

सभुआ लगौने देवता छेलै

बाट जोहै दीनाराम के।

आ गरामे गरा सलहेस मिलैय।

हृदय से भैया के भद्री बोलैय

जहिया से दोस्ती कटैयामे केलहक

कहियो समाध सहोदरा भेजलऽ

आ किये हौ जरूरी भैया पड़ि गेल

तेकर समाखा हमारा कहियौ

कौन दुश्मन राज पर चढ़ि गेलै

किया कारण समधिया भेजलऽ

जल्दी समाखा हमरा बता दीअ।

हा एत्तेक बात भद्री जे बोलैय

सब खबरिया देवता जे बोलैय।

बुधेसर बिआह खबरिया कहैय।

साजल बराती श्यामलगढ़ जयबै

डोलाँ फनाँ आइ कनियाँ के लौबै।

हौ सीरी भगवान के आइ देवता जपै छै

सीरी भगवान नरूपिया देवता जपै छै।

तीन सय साठि बराती महिसौथा सजैय।

संगमे भागिन करिकन्हा साजैय

हा नरबे लाख तऽ हाथी सजलकै

आ तीन सय साठि तिरहुतिया सजैय

टेंटीया फेंटीया महौत कीरतिया

गिरबिर सिरबीर तिरहुतिया बोलैय

संगमे बहिन बनसप्ति लैये

भागल बरियाती आइ श्यामलगढ़मे जुमि गेलै यौ।

हौ ताबेमे बरियाती ड्योढ़ी पर जुमि गेल

मनमे विचार राजा श्याम सिंह करै छै

तीन सय पलटन ड्योढ़ीमे खटैय

सुनऽ सुनऽ हौ सुबा हौ राजा दरबी

एको रत्ती प्राण नइ आइ तोरा बचतौ

आ सहजे आइ डोला बेटी के करीयौ यौ।।2।।

आ एत्तेक बात श्यामलसिंह सुनैय

हा पलटन बात जखनी बुझि पड़लै

ताबे बरियाती ड्योढ़ी पर जुमलै

आदर भाव बरियाती के करैय

सब बरियाती ड्योढ़ीमे बैठलै

हा चारि-चारि हाथ मोती दुलरा फँनैय

वीर पर वीर आइ सब जमा भेलै

बिना दिनमा के तिलक चढ़ बैय

बिना पोथी के दिन उचारैय

दिन मनमाँ के सेनुर दियाबै

सहजे ब्याह बुधेसर के करबैय यौ।।2।।

लाठी आ हाथ से ब्याह करबैय यौ।।

हौ ब्याह कराके देवता चलैय

हा गदमद गदमद बरियाती करैय

सब बरियाती इकट्ठा भयलैय

हा भौरानंद के मोती खोलैय

भौरा पर असवार होइय

भौरानंद हाथी पर हौदा

सात सय हाथी केरिकन्हा साजल

पाठा हाथी साजल बराती

मंगला महोतिया साथ लगौने

जहि हाथी पर देवता चढ़ल

केवल किरतिया साथ लगौने

मच-मच मच-मच मोती चलैयऽ

आगू-आगू डोलीया आय

श्यामलबती के जाइ छै ने यौ।।

हौ साजल बरियाती महिसौथा जुमलै

आ जखनी महिसौथा बरियाती जुमलै

चुम्मा चा चाखर कनियाँ भयलै

लोक देवता सलहेस मैथिल समाज के प्रमुख लोक देवता हैं। राजा सलहेस समाज में पूजा ही नहीं होता वरन मिथिला के लोक विभिन्न अभिव्यक्तियों में विद्यमान है। लोक नाट्य, लोक गीत, गाथा गायान, महराई गायान आदि। सलहेस लोक नाट्य में राजा सलहेस और उनसे संबन्धित पात्रों जैसे-कुसुमा, बुधेसर, मोतिराम आदि को मंच पर जीते हैं। वहीं इसके गीत व संगीत में कीर्तन, भक्ति, युद्ध विजय तथा महिमा मंडन होता है। गाथा गायन और महराई में राजा सलहेस के इन्हीं पक्षों का भाव पूर्ण गायन होता है।

राजा सलहेस के महराई गायन के ऊपर शब्द और प्रकरण का संकलन कार्य चल रहा है। जिसे परियोजना के अंतिम रिपोर्ट में

प्रस्तुत किया जाएगा। सलहेस महराई में मुख्य रूप से लगभग बारह प्रकरणों को विस्तार से गाया जाता है -

1. राजा जी का सुमिरन
2. प्रारम्भिक जीवन
3. सलहेस प्रेम, विवाह व द्विरागमन
4. मोतीराम-बियाह
5. बुधेसर बिआह
6. परबा-पोखरि यज्ञ
7. फुलवाड़ि दरशन आ सलहेस हाजत
8. चुहर चोरि पकरिया
9. सलहेस वंदी आ चोरमोट पकड़ब
10. करिकन्हा बिआह
11. कुसमा हरण
12. मानिकदह सलहेस दर्शन

इसके अलावे जब पूजा शुरू होता है तो मुख्य पूजारी (भगता) के साथ एक गायन मंडली भगैत गाता है और साथ ही अलग से

रसनचौकी या ढोला पिपही या ढ़ोल-तासा बजाने वालों का दल होता है जो अपने-अपने वाद्य बजाता है और उसी लय पर धीरे-धीरे मुख्य पूजारी (भगता) अपने लय को प्राप्त करता है। संगीत का इस पूजा के आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

***पूजा स्थल पर भगैत गाते हुए गायन-वादन दल***

**नृत्य -** सलहेस उत्सव के आयोजन के दिन संगीत मंडली के गायन-वादन के साथ ही जब धीरे-धीरे संगीत के धुन पर भागता (पुजारी) पर देवता का 'असवारी' होता है और एक विशेष प्रकार का थिरकन उनके शरीर में शुरू हो जाता है। उसके बाद ढ़ोल-तासा, रसनचौकी या ढ़ोल-तासा से लय मिलाकर भागता थिरकना शुरू करते हैं जो धीरे-धीरे एक

विशेष प्रकार के नृत्य में बादल जाता है।

***ढ़ोल-तासा दल के साथ लय पुजारी (भगत) मिलाते हुए***

*ढ़ोल-तासा दल के साथ लय पुजारी (भगत) मिलाते हुए*

**गाथा गायन -** राजा सलहेस का गाथा गायन बिहार का प्रमुख गाथा-गायन परंपरा है। यह परम्परा समाज में इतना लोकप्रिय है की गाँव-देहात के साप्ताहिक बाज़ार, चौक-चौराहे, मेला आदि में एक आदमी एक ढ़ोल बजाते हुए राजा सलहेस का गाथा गायन करने लगता है तो चार-पाँच सौ लोग तक ईकट्ठा हो जाते हैं। अपने दस काम छोड़कर भी इसका बड़ी गंभीरता से प्रेक्षण करते हैं।

**सलहेस गाथा गायन करते हुए कलाकार - 1**

**सलहेस गाथा गायन करते हुए कलाकार - 2**




**सलहेस महाराय गायन करते हुए समुदाय के कलाकार**

**सामाजिक रीति-रिवाज़,प्रथाएं,चलन,परम्परा,संस्कार एवं उत्सव आदि -**

सलहेस उत्सव एक सामाजिक अनुष्ठाणिक उत्सव है। यह परंपरा पाँचवीं-छठी शताब्दी से चलती आ रही है। यह सामाजिक उत्सव कर्मगत जाति व्यवस्था के आधार पर वर्गीकृत सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करती है। 'दुसाध ('दलित' जाति) द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसी समुदाय के विभिन्न भगतों (पुजारी), भगैत गायकों, मानर बजानेवालों, वादकों आदि की टोली इसके आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

**सलहेस पूजा के आयोजन में समाज की सहभागिता**

**सलहेस पूजा के आयोजन में समाज की सहभागिता**

**सलहेस पूजा के आयोजन में समाज की सहभागिता**

सलहेस पूजा के आयोजन में समाज की सहभागिता

सलहेस पूजा के आयोजन में समाज की सहभागिता

**सलहेस पूजा के आयोजन में समाज की सहभागिता**

माली जाति के लोग इस पूजा के लिए फूल-पान के अलावे सलहेस की मूर्ती के ऊपर तांगा जाने वाला एक विशेष प्रकार का झाँप, जिसे मैथिली में 'मऊर' कहते हैं बना कर देता जो पूजा के दिन सलहेस की मूर्ती के ऊपर टांगा जाता है। यह मऊर रंगे हुए कागज का बना होता है और इसके ऊपर मिथिला का लोक चित्रकारी की गई होती है।

माली द्वारा पूजा हेतु बनाया जाने वाला झाँप (मऊर)

राजा सलहेस, उपेक्षित वर्ग के लोगों के संरक्षक के रूप में जाने जाते है तथा तत्कालीन सामाजिक संरचना को सुदृढ़ कर समाज को जोड़ने का काम किया। सामाजिक मान्यता के अनुसार राजा सलहेस समाज के कमजोर वर्ग के ही नहीं बल्कि जीव-जन्तु के बहुत बड़े रक्षक हैं। आज भी समाज के किसान या पशुपालक वर्ग अपने पशुओं के रक्षार्थ सलहेस से मन्नत मांगते हैं। यह धारणा केवल हिन्दू ही नही मिथिला के मुसलमान संप्रदाय में भी है।

इसके आयोजन से लगभग महीन-दो महीना पहले भगैत लोक-गायन दल गाँव भर में घर-घर जाकर सभी वर्ग के लोगों को आयोजन हेतु चन्दा ईकट्ठा करते हैं। समाज का सभी वर्ग इस पर्व के लिए उत्सुकता से सहयोग करते हैं। सलहेस की मूर्ती पर मिथिला चित्रकला का भी इस्तेमाल कराते हैं। वैसे तो समाज में मुख्य पुजारी जाति ब्राह्मण हैं परंतु सलहेस उत्सव में सलहेस देवता की पूजा दुसाध जाति के लोग खुद ही करते हैं परंतु इसमें भागीदारी और सहभागिता सभी जाति के लोगों का होती है। इस पूजा में भगत-आयोजन का मुख्य पुजारी, भगैत-गायक, मानर, झाल-ढ़ोल आदि बजाने वाले कीर्तन मंडली, इसी जाति के होते हैं। आयोजन के समय रसनचौकी या ढ़ोल-पीपही, ढ़ोल-तासा भी बजाया जाता है। जिसे बजाने वाले चमार (मिथिला के एक अन्य दलित जाति) के लोग है। सलहेस की मिट्टी की मूर्ती बनाने वाले 'कुम्हार' (शिल्पकार जाति) के लोग होते हैं। आयोजन के समय अपने-अपने दु:खों को लेकर भगत से निदान पाने के लिए 'भाऊ'

कराने के लिए 'डाली' रखने के लिए सभी जाति और धर्म के लोग उपस्थित रहते है।

प्राचीन भारतीय के तरह ही मैथिल समाज परंपरागत रूप से वर्ण व्यवस्था पर आधारित था। इसमें चार वर्ण - ब्राह्मण (गुरू, शिक्षक, पुजारी), क्षत्रिय (शासक, योद्धा, और जमींदार), वैश्य (व्यापारी) और शूद्र (कारीगरों, सेवक, मजदूर) थे। इसमें सामाजिक मान्यता के अनुसार क्रमागत रूप से समाज में स्थान भी था। सबसे उच्च ब्राह्मण, उसके बाद क्षत्रिय, फिर वैश्य और अंत में शूद्र। पहले तीन वर्ण के अपेक्षा चौथे वर्ण की सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक स्थिति सबसे उपेक्षित था। इसी चौथे वर्ण के अंतर्गत दुसाध, कुम्हार चमार आदि जाति आते हैं। पहले के समय में इन जातियों को मंदिरों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं। आदि काल से सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक आध्यात्मिक रूप से हाशिये पर पड़ी ये जातियाँ अपनी देवताओं और सांस्कृतिक प्रथाओं के लिए एक सामानांतर देवताओं के लिए उत्सव यथा संभव मंदिर की स्थापना

की। जिससे इन जातियों का आत्म-गौरव बढ़ता है तथा अपनी अलग सांस्कृतिक-सामाजिक पहचान भी कायम करती है।

सलहेस उत्सव के आयोजन का सबसे बड़ा सामाजिक पक्ष यह है कि समाज में प्रमुख श्रमिक वर्ग - दुसाध, चमार, मुसहर; पशुपालक वर्ग-यादव (ग्वाला) आदि के 'कुल-देवता' अलग-अलग हैं। जैसे-दुसाध जाति के सलहेस, मुसहर जाति के दीनाभद्री, यादव (ग्वाला) जाति के कारू बाबा आदि। इन सभी देवताओं में से एक देवता की पूजा में अन्य सभी देवताओं के भाग निश्चित होता है, दूसरे शब्दों में एक जाति के कोलदेवता की पूजा में अन्य सभी जातियों के कुल-देवताओं की भी पूजा होता है। प्राचीन सामाज में जातिगत समरसता बनाने के लिए भी में इन लोक देवताओं की पूजा से संबन्धित आयोजन की अहम भूमिका है जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से अतिआवश्यक है।

**प्रकृति एवं जीव जगत के बारे में ज्ञान एवं परिपाटी व अनुशीलन प्रथाए-**

सलहेस उत्सव के आयोजन की प्रक्रिया में विभिन्न सामग्री जुटाने के के लिए समाज में चन्दा ईकट्ठा करने और कुम्हार जाती द्वारा मिट्टी की मूर्ति बनाने के साथ शुरू होता है। मिट्टी के अलावे इसमें इस्तेमाल किए जाने वाले तत्व हैं-लकड़ी, चावल की भूसी और गोबर आदि सुलभ रूप से उपलब्ध स्वदेशी और पर्यावरण के अनुकूल है वस्तुएँ हैं। अस्थाई भट्टों (आवा) में इस मिट्टी की मूर्ति को पकाया जाता है फिर लोकचित्र परंपरा जैसे मिथिला पेंटिंग्स, मौर पेंटिंग्स आदि पेंटिंग्स मूर्ती पर की जाती है। इन घोड़ों के सवार मूर्ती को सजाने के लिए मजबूत और जीवंत रंग व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। 1960 और 70 के, तक, कुम्हार प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल कराते थे परंतु आज-कल बाजार में उपलब्ध रेडीमेड रंग का इस्तेमाल किया जाता है।

ज्ञातव्य हो कि शिल्पकार जाति में इस प्रकार का कलाओं, ज्ञान या कौशल को अगली पीढ़ी में हस्तांतरित करने के लिए किसी प्रकार

का कोई औपचारिक प्रशिक्षण का न तो कोई प्रचलन है और ना ही कोई प्रावधान है। पीढ़ीयो से यह ज्ञान, कौशल, गुण आदि परम्परागत रूप से ही अगली पीढ़ी में हस्तांतरित होता आया है।

**पारम्परिक शिल्पकारिता -**

राजा सलहेस का 'गहबर' (पूजा स्थल) मुख्यत: खुले आसमान के नीचे है तो कुछ स्थानों पर स्थायी मंदिर बनाकर स्थायी रूप से मूर्ती की स्थापना भी कर दी गई है। इन जगहों पर सलहेस पूजा के दिन राजा सलहेस, कुसुमा, मोतिराम आदि की मूर्ती 'कुम्हार' समुदाय मीट्टी की मूर्ती बनाकर इस सांस्कृतिक विरासत के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कुम्हार जाति, मिथिला का एक अलग वंचित समुदाय है तथा इस जाति के लोग मिट्टी के शिल्प कौशल में निपुण होते हैं। यह वही जाति है जो मिट्टी के विभिन्न शिल्प बनाते हैं जिसमें सर्वप्रमुख है मिट्टी का "टाईल्स" (खपरैल)। जो आज भी घर के ऊपर दिया जाता है। यहाँ एक बात अवश्य खटकती है की इसी समुदाय का पारंपरिक शिल्प कौशल

आज उद्योग का रूप लेकर फल-फूल रही है। इन मूर्तियों पर मिथिला का प्रसिद्ध चित्रकला - मिथिला पेंटिंग्स (मधुबनी पेंटिंग्स) की चित्रकारी करते हैं।

'कुम्हार' द्वारा बनाया गया राजा सलहेस की मीट्टी की प्रतिमा

सीमेंट से बनी मूर्ती

सीमेंट से बनी अर्धनिर्मित मूर्ती

मिट्टी की मूर्ती

सीमेंट से बनी मूर्ती

सीमेंट से बनी मूर्ती

**सामाजिक सौहार्द -**

वर्तमान समाज में जहां धर्म, जाति और संप्रदाय के नाम पर वैमनस्य बढ़ती जा रही है वहीं सलहेस उत्सव समाज में रह रहे विभिन्न जाति ही नहीं अलग-अलग धर्मों के लोगों को एक साथ जोड़कर सामाजिक समरसता को बढ़ाता है। केवल हिन्दू समुदाय के सभी जातियों को ही नहीं सामाजिक रूप से एकत्रित करता है बल्कि मिथिला में रहा रहे मुस्लिम समुदायों को भी यह उत्सव के अपने आयोजन के माध्यम से एकत्रित कर देता है। कई स्थानों पर

यह परंपरा है कि सलहेस पूजा से पहले सबसे मुख्य भागता (पुजारी) पास के दरगाह पर जाकर मुर्गा चढ़ाते हैं फिर सलहेस पूजा आरम्भ होता है। यह परंपरा मधुबनी ज़िला के भट्सिमर स्थित सलहेस स्थान सहित कई अन्य स्थानों पर देखने को मिलता है। इतना ही नहीं पूजा प्रक्रिया में भी प्रारम्भ से ही मौलाना साहब का अहम योगदान होता है।

सलहेस उत्सव शुरू होने से पहले दरगाह पर मुर्गा चढ़ाते हुए

**राजा सलहेस की पूजा से पहले दरगाह से पूजा करके लौटते मुख्य भागता**

**सलहेस पूजा में समाज के सभी वर्गों के महिला-पुरुष की सहभागिता**

**<u>योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा का एक रुचिपूर्ण सारगर्भित संक्षिप्त परिचय -</u>**

'सलहेस उत्सव' को हिन्दू समुदाय के दुसाध ('दलित' जाति) द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसी समुदाय के विभिन्न भगतों (पुजारी), भगैत गायकों, मानर बजानेवालों, वादकों आदि की टोली इसके आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। मुख्यत: भूमिहीन खेतिहर मजदूरों की यह जाति मिट्टी की मूर्ती (घुडसवार) रूप में सलहेस देवता की पूजा करते हैं और प्रसाद बांटकर खुशियाँ मनाते हैं साथ ही समाज को विभिन्न दु:ख-दर्द को भी दूर कराते हैं। 'कुम्हार' समुदाय मीट्टी के खुडसवार देवता की मूर्ती बनाकर इस सांस्कृतिक विरासत के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कुम्हार जाति, मिथिला का एक अलग वंचित समुदाय है तथा इस जाति के लोग मिट्टी के शिल्प कौशल में निपुण होते हैं।

प्राचीन काल से ही जातिगत आधार पर विभाजित समाज को सलहेस उत्सव एक दूसरे को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। पाँचवीं-छठी शताब्दी के 'महिसौंथा' राज्य के महाप्रतापी राजा सलहेस, उपेक्षित वर्ग के लोगों के संरक्षक के रूप में जाने जाते है तथा तत्कालीन सामाजिक संरचना को सुदृढ़ कर समाज को जोड़ने का काम किया। यही कारण है की वे मिथिला समाज में लोक देवता के रूप में पूजे जाते हैं। सामाजिक मान्यता के अनुसार राजा सलहेस समाज के कमजोर वर्ग के ही नहीं बल्कि जीव-जन्तु के बहुत बड़े रक्षक हैं। आज भी समाज के किसान या पशुपालक वर्ग अपने पशुओं के रक्षार्थ सलहेस से मन्नत मांगते हैं। यह धारणा केवल हिन्दू ही नही मिथिला के मुसलमान संप्रदाय में भी है।

सलहेस पूजा वैसे तो एक दिवसीय पूजा है परंतु इसके आयोजन से लगभग महीन-दो महीना पहले सलहेस भगैत लोक-गायन टीम गाँव भर में घर-घर जाकर भगैत गाते हैं और सभी वर्ग के लोगों को

सलहेस उत्सव के आयोजन हेतु चन्दा ईकट्ठा करते हैं। पूजा के दिन सलहेस, कुसुमा की मिट्टी से बनी मूर्ती की स्थापना 'गहबर' (पूजा का स्थान) में करते हैं जिसे मिथिला के ही शिल्पकार जाति-कुम्हार बनाते हैं। सलहेस की मूर्ती पर मिथिला चित्रकला का भी इस्तेमाल करते हैं। इस आयोजन में कई अलग-अलग जाति - चमार, ग्वाला, माली, आदि का योगदान भी आवश्यक होता है।

राजा सलहेस। इन्हें श्रद्धा और आदर से "राजा जी" भी कहा जाता है। इनके पूजा स्थल को गहबर बना होता है। दुसाध जाति के होने के कारण मुख्य रूप से इन्हें दुसाधें का कुल देवता माना जाता है लेकिन मनौती पूरा होने पर अन्य जाति के लोग भी बड़ी निष्ठा और श्रद्धा के साथ सलहेस की पूजा करते हैं। इस लोक देवता के जीवन से जुड़ी लोक गाथा आज भी जन-जन में प्रचलित है। सलहेस लोकगाथा को लोक महाकाव्य और लोक महागाथा के रूप में जन-जन में मान्यता प्राप्त है। कुछ यही कारण है कि इनकी पूजा में शास्त्रीयता के स्थान पर इनकी कथा गायन प्रमुख होता है। सलहेस गाथा की कथा में राजा सलहेस के अतिरिक्त अन्य

पात्रों - मोतीराम, चन्देसर हजाम, बुधेसर, करिकन्हा, मालिन, चूहड़मल, कुसमा, पुफलवंती आदि प्रमुख हैं। ऐसी मान्यता है कि राजा सलहेस दैवी गुणों से संपन्न एक अलौकिक वीर व महा प्रतापी पुरुष थे। इन्हें जनमानस में जाग्रत देवता का दर्जा प्राप्त है। लोगों का ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा अथवा सुमिरन करने से तत्काल अभीष्ट की प्रापित होती है। समाज में पशुपालक या किसान वर्ग अपने पशु के ऊपर संकट के क्षणों में राजा सलहेस को याद कर ज्यों ही 'जय राजाजी पुकारता है तो ऐसा लगता है उनके पालतू पशु में नयी ऊर्जा का संचार हो गया हो। ऐसी धरणा जनमानस में आज भी बनी हुई है। जय राजा जी कहते ही भक्तजनों का विश्वास बढ़ जाता है।

उत्तर भारत विशेषकर मिथिला के गांवों में जहां भी दस-पन्द्रह घर दुसाध जाति के होते हैं वहां राजा सलहेस का गहबर निशिचत रूप से पाया जाता है। अधिकांश जगहों पर यह स्थान बरगद अथवा पीपल के पेड़ के नीचे मिटटी और पफूस का बना होता है। गहबर

में मिटटी की बनी कुछ प्रतिमायें होती हैं, जिसमें राजा सलहेस हाथी पर बैठे होते हैं। इस हाथी को भौरानंद हाथी कहा जाता है। हाथी के कंधे पर मंगला नामक महावत बैठा होता है। सलहेस के दायें भाग में भाई मोती राम और बायें भाग में भाई बुधेसर घोड़ा पर सवार रहते हैं। सलहेस के दोनों तरफ डाली में फूल लिए मालिन खड़ी रहती हैं। अंग रक्षक बतौर केवला-किरात हाथ में तलवार लिए खड़े दिखाई देते हैं। गहबर में प्रत्येक दिन पूजा का कोई नियम नहीं है। इनकी पूजा विभिन्न अवसरों पर की जाती है। कुछ भगत ऐसे भी पाये गये हैं जो गहबर में प्रतिदिन धूप-आरती किये बिना भोजन नहीं करते हैं। जिस किसी भी व्यकित की मनौती राजा सलहेस पूरा करते हैं, वह काफी धूम-धाम से इनकी पूजा करते हैं।

साल में एक बार दुसाध् जाति के लोग सामूहिक रूप से इनकी पूजा अवश्य करते हैं। पूजा में भगत की मुख्य भूमिका होती है जो प्राय: दुसाध् जाति का ही होता है। पूजा से पूर्व गहबर के चारों

ओर साफ-सफाई की जाती है। पूजन सामग्री के रूप में खीर, गांजा, पीनी-तम्बाकू, खैनी, पान-सुपाड़ी, अरबा चावल, अड़हुल पफूल, धूप, अगरबत्ती, जनेउ, तुलसी का पत्ता की प्रधनता रहती है। इसके अलावे पूजा स्थल के पास लाठी और बेंत भी रखा जाता है। इन्हीं सामग्रियों के साथ भगत राजाजी की पूजा शुरू करता है। पूजा के समय भगत नंगे बदन धोती पहनते हैं और हाथ में एक छड़ी होती है। कुछा स्थानों पर कमर में घुंघरू बांध्, हाथ में बेंत लेकर मंडप में घूम-घूम कर खेलने लगता है। इस क्रम में भगत के अन्य गायन-वादन दल ढोल, झाल, मृदंग और करताल बजाते हुए संगत करते हैं। इस दौरान भगत के गायन-वादन दल वाद्ययंत्रों के साथ सलहेस गाथा का गायन भी करते हैं। यह गायन पूजा के परंपरागत संस्कृत मंत्रों के विकल्प के रूप में होता है। वैसे तो सलहेस उत्सव का आयोजन एक दिन का और कहीं-कहीं दो दिनों की होती है। प्रथम दिन काफी भीड़ होती है। दूर-दूर से लोग इस अनुष्ठान को देखने आते हैं। दूसरे दिन कारणी के रूप में वैसे दुखी-पीड़ित लोग आते हैं जो अपनी पीड़ा और विपत्ति से छुटकारा

पाना चाहते हैं। ऐसे लोगों को भगत पहले उन्हें हाथ में अक्षत और पफूल देता है पिफर बारी-बारी से उन्हें बुला कर उनकी समस्या के बारे में बताते हुए उसके समाधन का उपाय बताते हैं। ऐसे ही कुछ कारणियों, मनौती पूरा होने की इच्छा रखने वालों से भगत उनसे मनौती पूरा होने पर सलहेस की पूजा देने का वचन भी लेता है। यही कारण है कि मनौती पूरा होने पर अन्य जाति के लोग भी राजा सलहेस की पूजा पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से करते हैं। कोई-कोई तो उनके फूस के गहबर को पक्का भी बनवा देता है।

सलहेस लोकगाथा को लोक महाकाव्य की संज्ञा दी जा सकती है। एक ऐसा लोक महाकाव्य जो प्राचीन काल से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में मुखरित होती हुई आज भी अपने मूल रूप में जीवित है, परलौकिकता नहीं लौकिकता के कारण। संपूर्ण सलहेस लोक गाथा वीर, श्रृंगार, करूणा, शांत और अदभुत, रसों से परिपूर्ण है। सलहेस लोक गाथा में जिन स्थानों की चर्चा है वे आज भी अपनी जगह कायम है। इससे पता चलता है कि यह कतई काल्पनिक नहीं है।

यह लोक गाथा मध्यकालीन समाज की राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक व्यवस्था का जीवंत दस्तावेज माना जा सकता है। मौखिक परंपरा वाली इस लोक गाथा में तत्कालीन राजनीतिक सिथति, दंड विधन, वर्ण व्यवस्था, अंध्विश्वास, आम जनता के जीवन स्तर, महिलाओं की सिथति आदि की झलक मिलती है।

**राजा सलहेस -**

सलहेस की कहानी के बारे में विभिन्न लिखित साक्ष्यों, लोक कंठों और अलग-अलग स्रोतों से खोज अकरने पर वैसे तो कथा लगभग एक जैसा ही देखने को मिलता है परंतु सूक्षमता से अध्ययन करने पर थोड़ा बहुत अंतर भी मिलता है। इसमें ब्रह्मानन्द ठाकुर का लोक देवता राजा सलहेस के बारे में कथन सबसे विस्तृत है - नेपाल की तराई में एक गांव है महिसौथा जहां दुसाध जाति के एक महात्मा थे। उनका नाम था वाक मुनि। वे 12 वर्ष की कठोर तपस्या में लीन थे। इसी दौरान इन्द्र लोक से मायावती नाम की एक अप्सरा फूल लोढ़ने के लिए यहां आयी। फूल चुनने के क्रम में उनकी नजर साधाना में लीन वाक मुनि पर पड़ी। मुनि के सुन्दर

रूप को देख कर वह मोहित हो गयी। अपने हाव-भाव से मायावती ने मुनि का ध्यान भंग कर दिया। इस पर मुनि ने मायावती को शाप दिया कि जिस प्रकार तूने मेरी तपस्या भंग किया है उसी तरह तुझे अब इन्द्रपुरी में स्थान नहीं मिलेगा। तुझे अब मृत्युलोक में भटकना पड़ेगा। यह सुनते ही मायावती अंतर्नाद करते हुए मुनि से क्षमा याचना करने लगी। इस पर मुनि ने कहा कि मैंने जो शाप दिया है वह तो वापस नहीं हो सकता लेकिन मृत्यु लोक में तुम दिव्यशकित संपन्न तीन पुत्रा और एक पुत्री की माता बनकर गौरव प्राप्त करोगी। तुम्हारा मृत्वलोक में मंदोदरी नाम होगा। पहला बच्चा तुम्हे महिसौथा के कमलदल तालाब में पुरईन के पत्ते पर मिलेगा। तुम उसका नाम सलहेस रखना। बड़ा होकर वह दैवी शकित से संपन्न राजा बनेगा। उसका बड़ा नाम होगा। कलियुग में भी लोग उसकी पूजा करेंगे। इसके बाद दो पुत्र और एक पुत्री पैदा होगी। मझले का नाम मोती राम और छोटे पुत्रा का नाम बुध्ेसर रखना। बेटी का नाम बनसप्ती रखना। ये सभी सलहेस का अनुगामी होकर दुनिया में बड़ा नाम करेंगे। इतना कह कर मुनि

अन्तघ्यान हो गये। इसके बाद मायावती को महिसौथा के कमलदल तालाब में पुरईन के पत्ते पर एक बच्चा मिला। यही बच्चा सलहेस हुए और अप्सरा मायावती मंदोदरी कहलायी। काल-क्रम से मंदोदरी ने दो लड़का और एक लड़की को जन्म दिया।

मुनि के कथनानुसार मंझले का नाम मोती राम, छोटे का बुधेसर और लड़की का नाम बनसप्ती हुआ। इस तरह तीनों भाई ने मिलकर महिसौथागढ़ में अपना राज्य स्थापित कर लिया। बनसप्ती जादुगरनी बन गयी। कहा जाता है कि छः महीना आगे-पीछे वह जानती थी। बनसप्ती का प्रेम विवाह सतखोलिया के राजा शैनी से हुआ। इससे उसे एक पुत्रा पैदा हुआ जिसका नाम करिकन्हा रखा गया। वह स्वभाव से बड़ा ही उदंड था। उधर 12 वर्ष उम्र होने के बाद सलहेस की माता मंदोदरी को सलहेस के विवाह की चिंता होने लगी। इस बीच सलहेस ने महिसौथा में अपना विशाल राज्य स्थापित कर लिया। चौदह कोस में उसके राज्य का विस्तार हो गया। सलहेस के विवाह के लिए योग्य लड़की

की तलाश होने लगी। पंडित और नाई अनेक राज्यों में घूम-घूम कर योग्य कन्या की तलाश करने लगे लेकिन सलहेस के योग्य कोई लड़की नहीं मिली। आखिर अंत में मंदोदरी ने पंडित और नाई को बुला कर कहा कि बराटपुर के राजा बराट की एक पुत्री है। बड़ी ही सुशील और संस्कारवाली। उसका नाम है सामरवती। जन्म लेते ही उसने प्रतिज्ञा कर रखी है कि वह यदि विवाह करेगी तो महिसौथा गढ़ के राजा सलहेस से नहीं तो आजन्म कुंवारी ही रहेगी। इसलिए राजा बराट को सलहेस के सामरमती से विवाह का संदेश दे दीजिए। राजा बराट को लिखा विवाह के इस प्रस्ताव का पत्र लेकर चन्देसर नाम का नाई महिसौथा से बराटपुर के लिए प्रस्थान किया। राजा बराट जाति से क्षत्रिय थे और स्वभाव से अत्यंत कठोर। नाई से विवाह सम्बन्धी प्रस्ताव का पत्र पढ़ते ही वह आग-बबुला हो गया और उसे जेल में डलवा दिया। इधर महिसौथा राज में चन्देसर हजाम के वापस नहीं आने से लोगों की चिंता बढ़ गयी। मोतीराम ने माता दुर्गा को स्मरण किया और सारी बातें उन्हें विस्तार से बता दिया। दुर्गा ने तुरंत प्रकट होकर

मोती राम को बता दिया कि राजा बराट ने चन्देसर हजाम को कैद कर लिया है तथा यह भी कहा कि सलहेस का विवाह राजा बराट की पुत्री सामरवती से ही लिखा है। यह होकर रहेगा। इतना सुनते ही मोती राम का गुस्सा आसमान पर चढ़ गया। उसने अपने भांजा करिकन्हा को बुलवाया और बराटपुर के लिये प्रस्थान किया। रास्ते में एक साथ सात सौ घसवाहिनियां मिलीं। ये सब के सब जादुगरनी थी। सबों ने मोतीराम को अपने जादू के बस से परेशान कर दिया। बाद में मोतीराम से उन्हें परास्त होना पड़ा। इस तरह मोतीराम अपने भांजे के साथ बराटपुर पहुंचे। राजा बराट उनकी शकित के सामने अपने को कमजोर समझ कर हथियार डाल दिये। चन्देसर नाई को रिहा कर दिया। राजा बराट ने विवाह की सहमति दे दी। बारात सजा कर लाने के लिए मोतीराम अपने भांजे के साथ वापस महिसौथा आ गये।

बीच का एक और घटनाक्रम इस लोकगाथा को विस्तार देता है। राजा हिनपति मोरंग के राजा थे। उनकी स्त्री थी दुखी मालिन। इस

मालिन की कोख से रेशमा, कुसुमा, दौना, तरगेना और पफूलवंती पांच बेटियां पैदा हुई थी। सबसे बड़ी पफूलवंती थी। जन्म के साथ ही पफूलवंती ने सलहेस से विवाह करने का संकल्प लिया हुआ था। अब तक उसकी मुलाकात सलहेस से नहीं हुई थी। दुर्गा की अराध्ना कर पांचो बहन सलहेस की तलाश में निकल पड़ी। वे सब भी जादू जानती थी। सलहेस की तलाश करते हुए वे सभी महुरावन में आ गयी जहां से मोती राम अपने भाई सलहेस की बारात सजा कर बराटपुर के लिए प्रस्थान करने वाला था। मोती राम ने सलहेस को भौरानंद हाथी पर सवार करा दिया और बारातियों को चेतावनी दे दी कि मोरंग की पांचों बहन मलिनिया भईया पर आंख लगाये हुए है इसलिए सावधन रहना।

दिन रहते बारात बराटपुर पहुंच गई। दरवाजा लगाने के लिए उचित समय आने के इंतजार में सभी बाराती आराम करने लगे। सलहेस अपने भौरानंद हाथी पर सवार थे। उधर महुरावन में पांचों मलिनिया सो रही थी कि देवी दुर्गा ने उसे सपने में बता दिया कि

जिस सलहेस से विवाह के निमित्त तुम प्रतिज्ञा किये हुए हो उसे मोतीराम राजा बराट की पुत्री से विवाह कराने के लिये ले जा रहा है। जैसे ही बराट की पुत्री से सलहेस का विवाह हुआ, तुम्हारी मनोकामना धरी रह जाएगी। अभी सभी बाराती बराटपुर के मैदान में आराम कर रहे हैं। यह सुनते ही पांचों बहन बराटपुर पहुंच गयी। मोतीराम, करिकन्हा समेत सभी बाराती नींद में बेसुध् थे। पांचों बहन ने जादू के बल पर सलहेस को सुग्गा बना दिया और पिंजड़ा में लेकर भाग चली। इस बीच बारातियों की जब नींद खुली तो भौरानंद हाथी पर सलहेस को न पाकर तरह-तरह की चर्चा होने लगी। मोतीराम ने इस घटना को दुर्गा की करतूत मानते हुए घोड़े पर सवार होकर उनका पीछा करना शुरू कर दिया। उसने जब दुर्गा को स्मरण करते हुए अपने भाई के बारे में पूछा तो दुर्गा ने उसे बताया कि पांचों मलिनिया सलहेस को लेकर ठेंगटी गांव में पहुंच गयी है। मोतीराम जब वहां पहुंचा तो पांचों मलिनियां सलहेस को खीर बनाकर बरगद के घोंघड़ में रख कर स्वयं नटिन का रूप धरण कर एक जगह बैठ गयी। मोतीराम ने जब सलहेस के बारे में

पूछा तो पांचों बहनों ने अपनी अनभिज्ञता जतायी। इसके बाद उसका उग्र रूप देख कर मार-पीट के डर से सलहेस को उसके असली रूप में लाकर उसके हवाले कर दिया। इसके बाद मोतीराम सलहेस के साथ बराटपुर आये और राजा बराट की पुत्री से उसका विवाह हुआ। विवाह की रात में कोहबर घर से पिफर पांचों मलिनियां जादू के बल पर सलहेस को चुरा ले गयी। अंत में सामरवती ने यह विश्वास दिला कर उनसे सलहेस को मांग लिया कि जैसे ये हमारे पति हैं वैसे तुम्हारे भी पति हैं। मायके से ससुराल महिसौथा जाने के तुरंत बाद मैं अपने स्वामी को तुम्हारे पास मोरंग भेज दूंगी। सामरवती के ऐसा विश्वास दिलाने के बाद पांचों बहनों ने सलहेस को असली रूप में सामरवती को वापस कर दिया और वे सब महिसौथा वापस आ गये। सलहेस के बाद मोतीराम और बुधेसर का भी विवाह हुआ। सलहेस को जब सामरवती द्वारा पांचों बहन मालिन को दिये गये वचन के बारे में मालूम हुआ तो वह उत्तराखंड राज के राजा भीम सेन के यहां नौकरी करने चला गया।

इस बीच महिसौथा गढ़ में सलहेस की याद में उदासी छा गयी। एक दिन राजा भीम सेन के राज में नौकरी करते हुए पफुर्सत के समय में सलहेस कदम्ब गाछ के नीचे बांसुरी बजा रहे थे कि पेड़ पर बैठा एक सुग्गा सीता-राम-सीता-राम करने लगा। वे उस सुग्गे को पहचान गये। वह महिसौथा का उनका प्यारा सुग्गा हिरामन था। वह पेड़ से उतर कर उनके पास आया और महिसौथा गढ़ का सारा हाल सुनाने लगा। कहा कि उनके वियोग में मां, भाई, सामरवती और महिसौथा गढ़ का बुरा हाल है। इतना सुनकर सलहेस वापस महिसौथा आ गये। इसके बाद बंगाल के तीसीपुर के क्षत्रिय राजा की बेटी कुसुमावती से मोतीराम और श्यामल गढ़ के राजा श्याम सिंह की पुत्री श्यामलवती से विवाह होती है। इस अन्तर्जातीय विवाह में संघर्ष, जादू-टोना और दाव-पेंच सलहेस लोक गाथा को लोकप्रियता प्रदान करता है। सामंती समाज व्यवस्था में जातिगत आधर पर जो द्वन्द्व था वह इस लोक गाथा में स्पष्ट दृषिटगोचर होता है।

यह लोक गाथा उस समय मोड़ लेती है जब सलहेस की पत्नी सामरवती पांचो बहन मलिनियां को दिये अपने वचन की याद दिलाते हुए स्वामी सलहेस से कहती है कि वह वचन पूरा करने के लिए उन्हें मोरंग जाकर उनसे मिलना चाहिए। वह कहती है कि जिस रात मेरे कोहबर से आप को चुरा लिया गया था उस दिन इसी शर्त पर मालिन से मैं आपको मांग लायी थी कि गौना के बाद मैं आपको उन्हें सौंप दूंगी। मैं वचन हार चुकी हूं। इसलिए आप वह वचन पूरा कीजिए। इसी बात पर सलहेस मोरंग के लिए प्रस्थान करते हैं। साथ में है वही हिरामन सुग्गा जो भूत-भविष्य सब जानता है। मोरंग पहुंच कर परबा पोखर पर वे लोग ठहर जाते हैं। यहां देवी दुर्गा पिफर एक बार करिश्मा करती है। पहर रात रहते दुर्गा भोर होने का आभास कराकर पफूलवंती को पोखर में स्नान कराने के लिए भेज देती है। इधर हिरामन की सलाह पर सलहेस पोखर (तालाब) में भरपूर मात्रा में सिंदूर डाल कर एक किनारे बैठ जाते हैं। ज्योंही फूलवंती पोखर में प्रवेश कर पानी

छींटा मुंह पर देती है कि संपूर्ण माथा सिंदूर के रंग से लाल हो जाता है।

इसके बाद तो हंगामा हो गया कि कोई छल से पफूलवंती की मांग में सिंदूर डाल दिया। बात पफूलवंती के पिता राजा हिनपति तक पहुंचती है। फूलवंती पंडित के भेष में बैठे सलहेस को नहीं पहचान पाती है। राजा के सिपाही सलहेस को गिरफ्रतार कर जेल में डाल देते हैं। यहां फिर देवी दुर्गा एकबार सहायक बनती है और सलहेस के मोरंग में गिरफ्तार होने की खबर महिसौथा गढ़ पहुंच जाती है। यहां से मोतीराम और भांजा करिकन्हा दोनों मोरंग पहुंचते हैं। पहले राजा हिनपति के पुत्रा करण सिंह और मोतीराम के बीच युद्ध में करण सिंह मारे जाते हैं।

अब बारी हिनपति की आती है तो पफूलवती बीच बचाव करते हुए मोतीराम से कहा कि मैं आपकी धर्म की भाभी हूं। इस पर मोतीराम राजा हिनपति की जान बख्श देते हैं। राजा हिनपति सलहेस को आजाद कर देते हैं। इसके बाद मोरंग की पांचो बहनें

राजा सलहेस के दर्शन के लिए महिसौथा गढ़ आकर दुर्गा से आग्रह करती है कि वे उनका दर्शन किसी तरह करा दें। रेशमा, कुसमा, दौना, तरेगना और पफूलवंती पांचों बहनें यह संकल्प लेती है कि यदि उन्हें सलहेस के दर्शन नहीं हुए तो वे एक साथ विष खाकर जान दे देंगी। इस पर दुर्गा उन्हें मानिकदह पोखर पर आकर इंतजार करने को कह कर सलहेस को भी उस पोखर पर आने के लिए प्रेरित करती है। सुग्गा हिरामन यहां भी यह कहते हुए सलहेस को सावधन करता है कि वहां जाने पर जादुगरनी मालिनें आपको फिर सुग्गा (तोता) बनाकर पिंजड़ा में कैद कर लेगी।

राजा सलहेस प्रतिदिन मानिकदह में स्नान कर वहां से फूल लाकर अपने इष्ट देवता की पूजा करते थे। सो इसमें किसी तरह का व्यतिक्रम करना वह नहीं चाहते थे। इसलिए हिरामन की सलाह पर वे पंडित का भेष धारण कर मानिकदह पहुंच गये। वहां वे देखते हैं कि स्नान करने वाले सभी पांचो धर को पहले से मालिन युवतियां छेके हुए है। वे उनसे एक धर खाली कर देने का अनुरोध करते हैं।

इस पर पंडित भेषधरी सलहेस से वे कहती हैं कि हम लोग सलहेस से मिलने की प्रतीक्षा में यहां बैठी हैं। इस पर सलहेस कहते हैं कि हम तो ब्राह्माण हैं। स्नान करके पूजा करने जाना है। इसलिए एक धर छोड़ दो। तुम्हारा सलहेस तो महिसौथा में बैठा हुआ है। एक बार फिर पांचों बहन मालिन ठगी जाती है। दुर्गा को भला-बुरा कहने लगती है। इस पर दुर्गा भेद खोलते हुए कहती है कि वह जो पंडित था वही तुम्हारा सलहेस था। इसके बाद चन्द्र ग्रहण के अवसर पर जब सलहेस मानिकदह में स्नान करने आते हैं तो वहां पहले से डेरा जमाये हुए पांचो बहनें गहरी नींद में सो रही थीं। दुर्गा ने उन्हें पहले ही बता दिया था कि चन्द्र ग्रहण के अवसर पर तुम्हें निशिचत रूप से सलहेस से भेंट होगी। दुर्गा की कृपा से उन सबों की नींद टूटती है और उन्हें सलहेस के दर्शन हो जाते हैं। इन पांच बहनों का सलहेस से चिर प्रतिक्षित मिलन इस लोक गाथा का सर्वाधिक कारूणिक पक्ष माना जाता है। मिलन के बाद जब पांचो बहनें यह कहती हैं कि आपसे विवाह की प्रतीक्षा में मैंने मां-बाप को छोड़ दिया। मोरंग में विवाह के लिए बने मंडप को ठुकराया,

सखी-सहेलियों की बातें नहीं मानी और अपने पिता के घर को लात मार कर चली आयी। अब मेरा वयस भी बीत चुका है। बाल पक गये। दांत टूट चुके हैं। अब मेरी जिंदगी का क्या होगा? हमारा नाम कैसे चलेगा, अरे निर्मोही। मेरी आश तो पूरी कर दो। उनके इस कथन पर दिव्यशकित संपन्न सलहेस ने कहा-'यह सतयुग है। इसके बाद कलियुग आयेगा। हमारे साथ तुम्हारी भी पूजा घर-घर में होगी। मेरे दाहिने भाग में भाई मोतीराम और साथ में बुधेसर रहेगा। तुम हमारे बायें भाग में रहोगी और इसी रूप में लोग हमारी पूजा करेंगे। गहबर में हाथी पर सवार राजा सलहेस की प्रतिमा के दोनों ओर फूलों से भरी डाली हाथ में लिए जो मालिन खड़ी दिखाई देती है वह वही मालिन है। महिसौथा गढ़ से 6-7 मील दूर आज भी राजा सलहेस की पफुलवाड़ी का अवशेष कायम है जहां जूर-शीतल के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होता है।

कुल मिला कर राजा सलहेस की कहानी अपने मान-सम्मान और अधिकार के लिए संघर्षरत समाज के अंतिम जन की कहानी है।

यही कारण है कि अन्याय, शोषण और अत्याचार के विरूद्ध आजीवन संघर्षरत, दैवी शकित संपन्न सलहेस की आज भी पूरी निष्ठा के साथ पूजा की जाती है।

**<u>सलहेस उत्सव परम्परा के तत्वों के अभ्यासी व्यक्ति -</u>**

सलहेस उत्सव एक सामाजिक उत्सव है और इस परंपरा के पोषण, संवहन, संवर्द्धन व अगली पीढ़ी में इसको ले जाने की जिम्मेवारी समग्र समाज का सामूहिक है। समाज अपने इस काम को कमोवेश करता भी है। मिथिला के इस अमूर्त सांस्कृतिक परम्परा के अभ्यास के विभिन्न भागों के अधिकारी जातिगत है। दुसाध जाति आबादी वाले गाँव में इस उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार मिथिला के जिस किसी गाँव में संबन्धित जाति के लोग रहते हैं सीधे तौर पर वे इसके संवाहक होते हैं। जैसे - भगता, भगैत गायन-वादक दल दुसाध जाति; रसनचौकी, ढ़ोल-तासा बजानेवाले लोग चमार जाति के; मूर्ती बनाने वाले कुम्हार जाति

के, फूल-मौर माली जाति के तथा समाज के सभी पशुपालक किसान व श्रमिक वर्ग आदि। किसी गाँव में इनमें से किसी जाति के लोग नहीं होते हैं तो आस-पड़ोस के गाँव से संबन्धित जाति के लोग इस आयोजन में मदद को तत्पर होते हैं। पिछले पृष्ठों में समाज के इन्हीं व्यक्तियों के नाम संपर्क सूची में दिया गया है।

इस सामाजिक उत्सव की परंपरा को अगली पीढ़ी तक संचरण के लिए किसी प्रकार का कोई भी औपचारिक प्रशिक्षण या ढांचागत व्यवस्था का विकास नहीं हुआ है। इस आयोजन से संबन्धित सभी प्रकार के ज्ञान व कौशल परम्परागत रूप से अपाए आप ही अगली पीढ़ी तक हस्तांतरित होता आया है। परंतु वर्तमान के परिस्थितियों के मद्देनजर इस उत्सव से संबन्धित सभी प्रकार के ज्ञान, कौशल आदि को अगली पीढ़ी तक पाहुचाने के लिए औपचारिक प्रशिक्षण या ढांचागत व्यवस्था करना आवश्यक लगता है।

**<u>सलहेस उत्सव के ज्ञान और हुनर/कुशलता का वर्तमान में संचारित तत्वों के साथ अंतर सम्बन्ध</u> :**

सलहेस उत्सव एक सामाजिक-सांस्कृतिक उत्सव होने के साथ एक जाति विशेष - दुसाध का अनुष्ठाणिक उत्सव है। 'राजा सलहेस' इस जाति के कुलदेवता भी हैं। इसलिए इस उत्सव के ज्ञान व हुनर से संबन्धित विभिन्न पहलुओं पर इस जाति का विशेषाधिकार है। अत: जिस गति से आधुनिक समाज में वैश्विकरण के प्रभाव से बदलाव आ रहा है उस गति से इसके ज्ञान और हुनर को वर्तमान संचारित तत्वों के आवश्यकतानुसार बदलाव नहीं किया जा सका है। लोक देवता "राजा सलहेस" की पूजा तक तो समाज के एक वर्ग विशेष का एकाधिकार तो है परंतु जब इनकी कथा एक लोक नाट्य शैली के रूप में विकसित होता है तो वर्ग विशेष के एकाधिकार कि सीमा को तोड़ते हुए आगे निकाल जाता है। सलहेस लोक नाट्य शैली के रूप में आधुनिक संचार तत्वों के साथ अग्रसर होने को है। इसके आडियो, वीडियो, पुस्तकें आदि का प्रचलन देखने को मिलता है।

**<u>सलहेस उत्सव के आयोजन का सामाजिक व सांस्कृतिक दृष्टिकोण -</u>**

सलहेस उत्सव का आयोजन मिथिला के समाज को सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से सबल बनाता है। वैसे तो यह एक समुदाय के जाति विशेष का है परंतु इसके आयोजन के पीछे सम्पूर्ण समाज, भले ही किसी भी जाति या धर्म का हो, श्रद्धा से सम्बद्ध होते हैं।

सामाजिक उत्सव कर्मगत जाति व्यवस्था के आधार पर वर्गीकृत सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करती है। 'दुसाध ('दलित' जाति) इसके आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। परंतु इसके आयोजन में कई जाति के सहयोग या उनके पारंपरिक कौशल की आवश्यकता होती है। जैसे रसनचौकी/ढ़ोल-पीपही या ढ़ोल-तासा बजाने के लिए चामार जाति, सलहेस की मूर्ती बनाने के लिए कुम्हार, फूल आदि के लिए माली जाति। सामाजिक मान्यता के अनुसार राजा सलहेस समाज के कमजोर वर्ग के ही नहीं बल्कि जीव-जन्तु के बहुत बड़े रक्षक हैं। आज भी समाज के किसान या

पशुपालक वर्ग अपने पशुओं के रक्षार्थ सलहेस से मन्नत मांगते हैं। यह धारणा केवल हिन्दू ही नही मिथिला के मुसलमान संप्रदाय में भी है। आयोजन के समय अपने-अपने दु:खों को लेकर भगत से निदान पाने के लिए 'भाऊ' कराने के लिए 'डाली' रखने के लिए सभी जाति और धर्म के लोग उपस्थित रहते है।

वर्तमान समाज में बहुत कम ऐसे सामाजिक उत्सव पाए जाते हैं जिसमें एक आयोजन में नृत्य, नाट्य, संगीत, शिल्प, पारंपरिक परपाती या ज्ञान आदि जैसे अनेकों पारंपरिक कलारूपों और कौशल का प्रयोग आवश्यक होता है। इसी आयोजनो के माध्यम से ये पारंपरिक कला के साथ सामाजिक सदभाव का संवाद अगली पीढ़ी तक जाता है।

सलहेस उत्सव के आयोजन में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे प्रतिपादित अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार के मानको के प्रतिकूल हो या समुदाय, समूह या फिट व्यक्ति के आपसी सम्मान को ठेस

पहुँचती हो। सलहेस उत्सव किसी के स्थायी विकास को बाधित नहीं करती है न ही यह परम्परा देश के क़ानून या फिर उनसे जुड़े समुदाय के समन्वय को या दूसरो को क्षति पहुंचाती है। सलहेस उत्सव से संबन्धित संवाद के लिए पारदर्शिता, सजगता और सामाजिक प्रोत्साहन को पूर्णरूपेण सुनिश्चित करती है |

**<u>सलहेस उत्सव परम्परा के तत्वों के संरक्षण के लिए -</u>**

सलहेस उत्सव के आयोजन से संबन्धित सभी घटकों के लिए किसी प्रकार का कोई औपचारिक या अनौपचारिक प्रशिक्षण का प्रावधान नहीं है। यह अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में सामाजिक लोकजीवन में अभ्यास के माध्यम से ट्रांसफर होती है।

सलहेस उत्सव के सभी पहलुओं का दस्तावेजीकारण करना आवश्यक है साथ ही समाजशास्त्रियों, इतिहासकारों व लोककलाविदों द्वारा इसके सामाजिक-आर्थिक व सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टि से शोध, अध्ययन की आवश्यकता है। वैसे

सलहेस लोकनाट्य शैली का विकसित होना और इस शैली पर विभिन्न संचार माध्यम में संबन्धित वस्तुओं (पुस्तक, आडियो, वीडियो आदि) का उपलब्ध होना सापेक्ष है। परंतु इन्हीं प्लेटफार्मों पर इस उत्सव का सामाजशास्त्रीय दृष्टिकोण विकसित करना व इसका प्रसार करना अत्यंत आवश्यक है।

**<u>स्थानीय राज्य एवं रास्ट्रीय स्तर पर सलहेस उत्सव परम्परा के तत्वों के संरक्षण के लिए अधिकारियों द्वारा किए गए उपाय -</u>**

कुछ स्वयंसेवी संगठनो के छिट-फुट प्रयासों के अलावे स्थानीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सलहेस उत्सव के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस उपाय नही किए गए हैं। कई स्थानों पर स्थायी सलहेस गहबर भी उपलब्ध नही है। आयोजन से संबन्धित सभी व्यवस्था स्थानीय समाज के द्वारा ही किया जाता है।

**<u>सलहेस उत्सव परम्परा परम्परा के तत्वों के व्यवहार, जीवन्तता और भविष्य</u> -**

आज के परिप्रेक्ष्य में सलहेस उत्सव की जीवंतता और भविष्य खतरे में है क्योंकी नई पीढ़ी में इसकी प्रासंगिकता घटती जा रही है। नतीजन समुदाय के लोगों की सहभागिता इस महत्वपूर्ण अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के आयोजन में घटती जा रही है। कहीं ना कहीं इसके पीछे समाज और स्थानीय शासन की उदासीनता भी इसका प्रमुख कारण है।

**<u>संरक्षण के क्या उपाय अपनाने के सुझाव हैं -</u>**

सलहेस उत्सव के संरक्षण के लिए निम्नलिखित उपाय करने अत्यंत आवश्यक है:

- सलहेस उत्सव के लिए डाटा संकलन कर संदर्भ सूची का निर्माण,
- इस उत्सव के संगठित रूप से गहबरों का निर्माण,
- अत्यंत वृद्ध भगताओं द्वारा नई पीढ़ी के लिए कार्यशालाओं का आयोजन,

- प्रलेखन अनुसंधान के लिए समर्थन व सहायता,
- गुरुओं (परास्नातक) के लिए प्रदर्शन के अवसर, प्रसार और पेंशन.
- परियोजना पारंपरिक ज्ञान, कला, शिल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन,
- कुम्हार युवा सदस्यों/कलाकारों के लिए प्रशिक्षण,
- एक कोर ग्रुप मिथिला के कई स्थानों में स्थापित करना,
- शोधकर्ता, विद्वानों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा सामाजिक-आर्थिक व सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोण से आध्ययन कर प्रसार करना,
- वीडियो, ऑडियो और फ़ोटो दस्तावेज़ीकरण के माध्यम से प्रलेखन करना,
- समूह चर्चा, प्रदर्शनियों और संगोष्ठी का आयोजन,
- सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आर्थिक संदर्भ लेकर सलहेस उत्सव के ऊपर प्रकाशन
- सलहेस उत्सव व राजा सलहेस को बच्चों के शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए

**<u>सामुदायिक सहभागिता -</u>**

सलहेस उत्सव परम्परा के संरक्षक मैथिल समाज के दुसाध, चमार (चर्मकार), पारंपरिक शिल्पकार जाति कुम्हार, माली तथा सभी इस समाज के सभी श्रमिक, पशुपालक व किसान वर्ग के लोग हैं। इस तत्व के संरक्षण की जिम्मेवारी सीधे-सीधे इन्हीं समूह की है।

**<u>संबंधित समुदाय के संघटक/ प्रतिनिधि</u>**

सलहेस उत्सव, बिहार के आयोजन, संरक्षण व संवर्धन के लिए मुख्य रूप से स्थानीय समाज के अनौपचारिक संगठन ही उत्तरदायी है परंतु प्रत्येक आयोजन स्थल के क्षेत्र में वहाँ का स्थानीय प्रशासन-ग्राम पंचायत, प्रखण्ड के पंचायत समिति और ज़िला परिषद आदि भी इसका पोषण करता है।

**<u>मौजूदा इन्वेंटरी, डेटाबेस या डाटा क्रिएशन सेंटर</u> -**

व्यक्तिगत स्तर पर कुछ छिट-फुट संग्रह के अलावे सलहेस उत्सव का औपचारिक इन्वेंटरी, डेटाबेस या डाटा क्रिएशन सेंटर आदि बहारत में देखने को नहीं मिलता है परंतु महिसौंथा, नेपाल, जहां के राजा सलहेस थे, को नेपाल सरकार ने पर्यटन के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रही है संभवत: नेपाल सरकार के पास इस तत्व से संबन्धित इन्वेंटरी, डेटाबेस हो। इसके स्थानीय सरकारी प्रशासन के राजस्व विभाग के पास इसके उस ज़मीन का विवरण जो जहां सलहेस का गहबर है। परंतु इसकी संभावना अत्यंत कम है क्योंकी ज़्यादातर सलहेस गहबर (पूजास्थल) के नाम से पंजीकृत ज़मीन नहीं है। इसके अलावे अछिञ्जल जैसी कई गैरसरकारी संगठन इस तत्व के इनवेंटरी बनाने का काम शुरू किया है।

**<u>परियोजना में विभिन्न स्तर पर सहयोगी -</u>**

सहयोगी -

1. श्री होरिल पासवान, ग्राम+पोस्ट - भटसिमर, ज़िला मधुबनी, बिहार
2. श्री नितेश कुमार झा, ग्राम+पोस्ट - भटसिमर, ज़िला मधुबनी, बिहार

आभार -

3. स्व0 महावीर पासवान
4. श्री महेंद्र मलांगिया
5. श्री महेंद्र नारायण राम
6. श्री जटाधर पासवान
7. श्री घुरण पासवान
8. श्री ब्रह्मानन्द ठाकुर (लोक देवता राजा सलहेस)
9. श्री रामप्रीत पासवान गाँव-करहिया, ज़िला मधुबनी
10. श्री युगती पासवान
11. श्री रामदेव पासवान

संस्था

1. मैथिल यूथ परिषद

2. अछिञ्जल

3. नीलमणि सांस्कृतिक परिषद

4. नारी उदगार संस्थान

सभी जिलों के समाज के लोगों तथा सभी जनप्रतिनिधियों का आभार। जिनका सहयोग इस परियोजना को पूरा करने में सराहनीय है। नक्शे का फोटोग्राफ वेवसाईट (इन्टरनेट) से तथा संदर्भ हेतु रिपोर्ट का कुछ अंश विभिन्न माध्यम से संकलित किया गया है। इन सभी जाने-अंजाने सहयोगियों का आभार।

--- समाप्त ---